Under jurisdiction of Raigarh Court only"
साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
SOUTH EASTERN COAL FIELDS LIMITED
एक मिनी रत्न कंपनी-A MINIRATNA COMPANY
(A Subsidiary of Coal India Limited)
(CIN:U10102CT1985GOI1003161)

Office of the.G.M
Raigarh Area
Chhote Attermuda
Distt: Raigarh
Chhatishgarh PIN - 496665
Phone - 07766-277629
Fax .-07766-277624

आवक जावक क्रमांक 1113 दिनांक 18/9/18 एस.ई.सी.एल. छाल उपक्षेत्र

पत्रांक– एस.ई.सी.एल. / महाप्र. / राय. / व. एवं पर्या. / 2018 / 32 दिनांक – 15.09.2018

प्रति,

कलेक्टर महोदया,
जिला –रायगढ (छ.ग.)

विषय :– एस.ई.सी.एल. छाल क्षेत्र में अधिग्रहित क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बांधापाली के वन भूमि (Deemed Forest) खसरा क्रमांक 410 रकबा 55.850 हेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं फार्म –2 प्रदाय हेतु।

संदर्भ :– अ.प्र.मु.व.स. / भू–प्रबंध / रायपुर / खनिज / 331–222 / 2038 दिनांक 02.07.2018.

महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत कथन यह हैं कि, एस.ई.सी.एल. छाल खुली खदान Seam –III परियोजना (6.0 MTY) हेतु छाल क्षेत्र के कुल लगभग 721.313 हेक्ट. भूमि कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत अधिग्रहित हैं। जिसमें 06 ग्रामों की कुल 173.013 हेक्ट. शासकीय भूमि, 185.017 हेक्ट. वन भूमि एवं 363.283 हेक्ट. निजी भूमि भाामिल है।

पूर्व में 185.017 हेक्ट. का वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र एव फार्म –II कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख रायगढ छ.ग. से प्राप्त हो चुका हैं। (छायाप्रति संलग्न)

वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु प्रकलन तैयार कर वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) रायपुर छ.ग. को प्रेषित किया गया, जिस पर जाँच एवं निरिक्षण उपरांत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), रायपुर छ.ग. के पत्र क्रमांक द्वारा खनिज / 331–222 / 2038 दिनांक 02.07.2018 तहत खसरा क्रमांक 410 रकबा 55.580 हेक्ट. शासकीय राजस्व भूमि को वन भूमि मानकर (Deemed Forest) प्रकरण में वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रसंस्करण किये जाने बावत आदेशित किया गया हैं।(छायाप्रति संलग्न)

उक्त भूमि जो कि ग्राम पंचायत खेदापाली के अंतर्गत स्थित है, एवं जिसका पुर्व में ग्राम सभा पारित हो चुका है (छायाप्रति संलग्न) एवं उपरोक्त खसरा क्रमांक 410 रकबा 55.580 हेक्ट. छाल विस्तार खुली खदान में अधिग्रहित क्षेत्र के अंतर्गत स्थित हैं।

अस्तु महोदया से सादर अनुरोध है कि अधिग्रहित क्षेत्रग्राम बांधापाली के वन भूमि (Deemed Forest) खसरा क्रमांक 410 रकबा 55.850 हेक्ट. एवं पुर्व मे आपके द्वारा प्राप्त 185.017 हेक्ट. सहीत कुल रकबा 240.867 हेक्ट. भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं फार्म–2 प्रदाय करने की कृपा करें।

संलग्न – यथोपरि।

कार्यालय रायगढ़ 17/9/18

भवदीय
15/9/18
महाप्रबंधक
एस.ई.सी.एल. रायगढ क्षेत्र

सादर सूचनार्थ –

1. अ.प्र.मु.व.सं. रायपुर छ.ग.।
2. मु.व.स. बिलासपुर वृत्त बिलासपुर।
3. महाप्रबंधक (वन), एस.ई.सी.एल. बिलासपुर।
4. स्टाफ आफिसर (यो / परि),एस.ई.सी.एल. रायगढ।
5. कार्यालय प्रति।